तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 मई 2024

12 महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का लिया संकल्प



12 पूरे परिवार को आर्थिक व सामाजिक तौर पर बर्बाद ..



## खबर संक्षेप

### नग्गल क्षेत्र से12 लीटर अवैध शराब जब्त

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजैब सिंह को 12 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के समान सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी गैरकानूनी तरीके से शराब बनाने का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी के कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब जब्त की। साथ ही उसके कब्जे से शराब बनाने का सामान भी जब्त किया है।

### चोरी के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गगन व लवी उर्फ लविश को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। प्रेम नगर के जसवद्रिं पाल ने 17 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने 16 मार्च 2024 को शिव मंदिर रामबाग के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

### लूट के मामले में महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ मे दर्ज महिला की आंखों में मर्चि डालकर लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 07 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी महिला ने उसके घर में घुस कर उसकी आँखों में मिर्च डालकर उसकी सोने की बाली लूटने का अपराधिक कार्य किया।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार व एक महिला को गिरफ्तार किया है। गांव बुढ़ाखेड़ा के मनीष कुमार ने 15 अप्रैल 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने गुरमेल सिहँ को आत्महत्या के लिए मजबूर किया था।

### पानीपत में मादक पदार्थ सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 4 किलो गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर संजय निवासी खुखराना हाल किरायेदार विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पानीपत।** समालखा अनाज मंडी में दुकान पर बैठे वृद्ध को हाथ से सोने का कड़ा उतरवा कर फरार होने वाले आरोपी राजेश निवासी कैथल को थाना समालखा पुलिस, उत्तराखंड की हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। थानेदार फुल कुमार ने बताया कि आरोपी खिलाफ करनाल, फतेहाबाद व उत्तराखंड के हरिद्वार में ठगी के केस दर्ज है।

# खाली प्लाटों में कचरा डालने वालों की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई

## नगर निगम प्रशासन कचरा डालने वालों का काटेगा चालान, सीएसआई ने किया नगर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में खाली पड़े प्लाटों व सड़कों पर खुले में कचरा डालने वालों की अब खैर नहीं है। खाली प्लाटों में कचरा डालने वालों पर नगर निगम के कर्मचारियों की नजर रहेगी। जो लोग डोर टू डोर आने वाली गाड़ी को छोड़कर खाली प्लाटों में कचरा डालेंगे उनके खिलाफ नगर निगम विभागीय कार्रवाई अमल में लाएगा। उक्त जानकारी वीरवार को निगम सीएसआई सुनील दत्त ने अपनी टीम के साथ वार्ड नंबर नौ का दौरा करते हुए दी।

- खाली प्लाट में कचरा डालने आए लोगों को निगम की टीम ने रोक वापस भेजा, कार्रवाई की दी चेतावनी



यमुनानगर के वार्ड नंबर नौ में दौरा करके लोगों को खुले में कचरा नहीं डालने के लिए समझाते हुए निगम के अधिकारी।

निगम के सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर शहर को साफ,सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। हर वार्ड में सफाई कर्मचारी तैनात है। हर वार्ड की हर कॉलोनी में रोजाना डोर टू डोर कचरा लेने वाले वाहन जा रहे हैं। जो हर घर व हर दुकान से कूड़ा लेते हैं। मगर इसके बावजूद कुछ लोग निगम के इन वाहनों में कचरा न डालकर खुले में व खाली प्लाटों में डालते है। जो कि गलत है। ऐसा करने से जहां गंदगी फैलती है, वहीं हमारा वातावरण प्रदूषित होता है। ऐसा करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम खाली प्लाटों व खुले में कचरा डालने वालों पर कार्रवाई करेगा। निगम की टीम जहां ऐसा करने वालों को पकड़कर उनका चालान व विभागीय कार्रवाई करेगा। वहीं, जगह जगह लगाए गए सीसीटीवी के माध्यम से ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीएसआई सुनील दत्त ने वार्ड नौ में विभिन्न स्थानों का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान खाली प्लाट में कचरा डालने आए एक व्यक्ति व महिला को खाली प्लाट में कचरा डालने से रोका गया और उन्हें कचरे समेत वापस लौटाया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को समझाया कि वे खुले व खाली प्लाट में कचरा न डालकर निगम के वाहन में कचरा डाले और शहर को सुंदरए साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

### लगातार होगी कार्रवाई

सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि खाली प्लाटों व खुले में कचरा डालने वालों से निगम सख्ती से निपटेगा। खुले में कचरा डालने वालों को पकड़ने के लिए जहां निगम की टीम फील्ड में है। वहीं जगह जगह सीसीटीवी लगाए हैं। यदि कोई भी खाली प्लाट में कचरा डालता मिला तो उस पर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खुले में कचरा डालने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे डोर टू डोर कचरा लेने वाले वाहनों में ही कचरा डाले।

# नप पर हो सकती है जुर्माने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी नगर परिषद के सचिव पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारियों ने लेट मुटेशन फीस कलेक्शन के मामले में जनता का वित्तिए शोषण किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा तब हुआ है जब यहां से 6 बार के विधायक अनिल अपने आपको जनता के बहुत बड़े शुभचिंतक कहते हैं। मामला नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा जनता से नाजायज तरीके से लेट मुटेशन फीस प्राप्त करने का है। इस संबंध में 20 फारवरी 2021 को जानसूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी गई थी कि वर्ष 2014 से सूचना देने की तिथि तक नगर परिषद अंबाला द्वारा प्रत्येक वर्ष कितनी लेट मोशन फीस प्राप्त की गई। किस मामले के संबंध में प्राप्त की गई। सूचना न मिलने पर प्रथम अपील दर की गई और अपील केस राज्य सूचना आयोग में दायर किया गया। लंबी सुनवाई के पश्चात सूचना कमश्निर इस नर्णिय पर पहुंचे कि सूचना देने में देरी की गई। इस पर उन्होंने नगर परिषद सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उन पर 25 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अधिकतम 25000 पर फाइन लगाने की बात कही गई। ओंकार सिंह ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार सितंबर 2019 से मार्च 2020 तक 16,60,500 रुपये और अप्रैल 2020 से सितंबर 2021 तक 30,07,020 रुपये लेट मुटेशन फीस प्राप्त की गइ्र। यह फीस 2000 रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से भी प्राप्त की गई जबकि इस बारे किसी भी नियम या कानून में वर्णन नहीं है। कितने अफ़सोस की बात है कि जनता से यह अवैध वसूली छह बार के विधायक के होते हुए की गयी। इस मामले में पूरी सूचना प्राप्त होने पर जनता से अवैध वसूल कियागए वापस जनता को वापस दिलाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। यहां जाकर ना गलत नहीं होगा कि नगर परिषद अंबाला छावनी के अधिकारियो ने जानसूचना अधिकार अधिनियम का मजाक बनाकर रख दिया है।

- सूचना आयुक्त ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

# गीता निकेतन की कौशल आधारित शिक्षा की पहल सराहनीय : प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 को आधार मानते हुए गीता निकेतन आवासीय विद्यालय ने स्कूली शिक्षा के अंतर्गत पूरे हरियाणा में पहली बार स्किल आधारित सर्टिफाइड शिक्षण का श्रीगणेश किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कुवि के कुलपति डॉ. प्रो. सोमनाथ सचदेवा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ ऋषिराज वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलन कर सारथी के नाम से अलंकृत इस बहु आयामी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत चार प्रकार के कौशल आधारित विषय समूह को सम्मिलित किया गया है, जिसमें इक्विटी एंड इन्वेस्टमेंट, डिजिटल मार्केटिंग,ग्राफिक डिजाइनिंग एवं टैली जैसे प्रमुख विषयों को कॉमर्स के विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर शिक्षण- प्रशिक्षण हेतु प्रारंभ किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सही मायने में धरातल पर उतारते हुए यह सारथी कार्यक्रम उस परिणाम की ओर इंगित करेगा जब विद्यार्थी 11वीं , 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षा हेतु समाज जीवन में पदार्पण करेगा।

- स्कूली शिक्षा के अंतर्गत पूरे हरियाणा में पहली बार स्किल आधारित सर्टिफाइड शिक्षण का श्रीगणेश किया



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

# मेहनत करने वाला व्यक्ति समाज में अलग पहचान बनाता

## गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत अलंकरण सम्मान समारोह में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र प्रांगण में आयोजित अलंकरण समारोह में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। इस सुअवसर पर निदेशक प्रवीण कुमार ने एनडीए, सदनीय विद्यार्थियों और गुरुकुल के विभिन्न प्रकल्पों जैसे भोजनालय, खेल के मैदान, छात्रावास, विद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न कार्यों के प्रति विद्यार्थियों को शथल दिलाई ताकि वे सौंपे गये कार्यों तथा कर्तव्यों का भली प्रकार से निर्वहन करें। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि समाज, देश, परिवार तभी आगे बढ़ता है जब वह नियमों और सिद्धान्तों का पालन करें। उन्होंने कहा कि समुद्री जहाज हर सुविधाओं से युक्त होता है परन्तु यदि उसमें छोटा-सा भी छेद हो जाए तो वह पतन की ओर अग्रसर हो जाता है, उसी प्रकार हमारे गुरुकुल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी यदि नियमों, संस्कारों, अनुशासन की अवहेलना करेगा तो वह पतन की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि आलसी व्यक्ति बिना किसी उद्देश्य से पूरा जीवन व्यतीत कर देता है, उसका कोई लक्ष्य नहीं होता परन्तु मेहनत करने वाला व्यक्ति समाज में अलग पहचान बनाता है। गुरुकुल में प्रविष्ट नये ब्रह्मचारियों को शुभकामनाएं दी। आचार्य देवव्रत ने अध्यापक वर्ग व संरक्षक मंडल से भी अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन करने का आह्वान किया क्योंकि बच्चे अपने अध्यापकों के आचरण से ही सीखते हैं, इसलिए एक अध्यापक को हमेशा अपने जीवन में सत्य का आचरण और अनुशासन का पालन करना चाहिए। नई जिम्मेदारी प्राप्त करने वाले छात्रों को उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने और हमेशा अनुशासन, संस्कारों का पालन करने की सीख दी।

- समाज, देश, परिवार तभी आगे बढ़ता है जब वह नियमों और सिद्धान्तों का पालन करें




कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

# तेरह दिन में रेलवे को 85 लाख का नुकसान

**अंबाला।** शंभू रेलवे ट्रैक जाम के चलते यात्रियों को भारी दिक्कत हो रही है। इसकी वजह से रेलवे को भी रोज हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। अधिकारियों की मानें तो रेलवे को हर रोज टिकट रद्द करने पड़ रहे हैं। टजो ट्रेन डायवर्ट होकर गंतव्य तक जा रही हैं, वह भी 2 से 4 घंटे ज्यादा समय ले रही हैं। दरअसल एक ही लाइन पर ज्यादा ट्रैफिक होने के कारण ट्रैक अक्सर खाली नहीं मिलने से ट्रेनों को बीच में ही ठहराना पड़ता है। डीआरएम मंदीप सिंह भाटिया ने बताया कि काउंटर टिकट व रिजर्वेशन टिकट की बात करें तो 17 से 30 अप्रैल तक डिविजन ने 85 लाख रुपए का रिफंड किया है। सर्फि अंबाला स्टेशन की बात करें तो 24 लाख रुपए का रिफंड किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत ही काउंटर टिकट होती हैं। 80 प्रतिशत आईआरसीटीसी से ही टिकट होती हैं। आईआरसीटीसी ने अभी तक अपने रिफंड का डाटा सांझा नहीं किया है। अगर आईआरसीटीसी की तरफ से रिफंड की बात की जाए तो ये आंकड़ा करोड़ों रुपए का है।

- शंभू रेलवे ट्रैक जाम होने से रोज टिकटें करनी पड़ रही हैं रिफंड

# खेतों में खून से लथपथ मिला युवती का शव

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी बुड़िया चुंगी के नजदीक खेतों से पुलिस ने एक युवती के खून से लथपथ हालत में मिले शव को बरामद कर लिया। युवती के शव की पहचान नहीं होने पर उसे शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने युवती की हत्या करके शव खेतों में फेंक दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे जगाधरी शहर के थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि वीरवार सुबह गांव चेनेटी के सरपंच अशोक कुमार ने सूचना दी थी कि किसी युवती (25) का शव खून से लथपथ हालत में खेतों में पड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान युवती के गले गले पर चाकू से वार के निशान मिले हैं। जिससे प्रथम दृष्टया में यह हत्या का मामला लग रहा है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ट्रामा सेंटर के शव गृह में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। शव की पहचान करवाने को लेकर आसपास के थानों में सूचना प्रेषित की गई है।

- आशंका जताई जा रही है कि किसी ने युवती की हत्या करके शव खेतों में फेंक दिया



यमुनानगर के जगाधरी बुड़िया चुंगी के नजदीक खेतों में मिले युवती के शव के मामले में पुलिस घटना स्थल पर जांच करते हुए।

# स्कूल बस की चपेट में आने से बच्ची की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव मतरौली में गुरुवार सुबह चंदन बाल विकास स्कूल, गांव आटा की बस की चपेट में आने से दो साल की तान्या पुत्र सुभाष की मौत हो गई। हादसे के समय तान्या घर के बाहर खेल रही थी। इधर, हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार होने लगा, तो ग्रामीणों ने उसे पकड कर पुलिस को सौंप दिया। इधर, पुलिस ने जांच के बाद तान्या के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। जबकि तान्या की मौत से उसके परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। दूसरी ओर, पुलिस ने बस के चालक की सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई है। इधर, पुलिस ने बस को जहां केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया, वही, बस के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र व आंध्रप्रदेश से हरियाणा की मंडियों में बिकने को पहुंच रहा है आम

# आम की मिठास से कहीं बिगड़ ना जाए स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आम खाने के शौकीनों को गर्मी की तपिश में फिलहाल इसकी मिठास का स्वाद लेने से गुरेज करना जरुरी है। क्योंकि आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र आदि राज्यों से हरियाणा की सब्जी मंडियों व बाजारों में बिकने के लिए आ रहे आम की मिठास स्वास्थ्य को नुक्सान पहुंचा सकती है। चिकित्सकों की माने तो अभी स्थानीय आम के पकने में देरी है। मगर बाजारों और रेहड़ियों पर बिक रहा आम बाहर से आ रहा है। जिसे कैमिकल से पकाए जाने की संभावना अधिक रहती है। कैमिलकल से पकाए गए आम के खाने से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहती है। इसलिए फिलहाल आम खाने से गुरेज करना ही बेहतर है।

आम की अभी लोकल आवक शुरू नहीं हुई है। बाजार में पहुंचने वाला आम आंध्रप्रदेश व महाराष्ट्र से आ रहा है। लेकिन अन्य प्रदेशों से हरियाणा, दिल्ली व पंजाब जैसे राज्यों की मंडियों में पहुंचने वाले इस आम को पहले खासतौर पर तैयार किया जाता है। जिससे यह कच्चा आम न केवल तेजी से पककर तैयार हो जाता है बल्कि आम में गाढ़ा पीला रंग भी चढ़ जाता है। चिकित्सकों की माने तो इस प्रकार पकाकर बाजार में बेचा जाने वाला यह आम शरीर में कई प्रकार की घातक बीमारियों को न्यौता देता है। शरीर का नर्वस सिस्टम इन कैमिकलों से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। वहीं पेट की कई गंभीर बीमारियों को भी बढ़ावा मिलता है।

- स्थानीय आम की नहीं हुई अभी आवक



यमुनानगर के बाजारों में रेहड़ियों पर बिकने के लिए रखा हुआ आम ।

### कैमिकल से पके आम को खाने से बचें

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि बाजार में इन दिनों आने वाले आम में कैमिकल लगे होने की संभावना बनी रहती है। इसके संपर्क में आने से आदमी को पेट संबंधि बीमारियां, डायरिया व अन्य रोग हाने की संभावना बन जाती है। उन्होंने बताया कि कैमिकल के बिना पका हुआ आम ही खाना चाहिए। ताकि स्वास्थ्य को कोई नुक्सान ना हो। आम खरीदते समय यह देख लेना चाहिए कि यह कहीं कैमिकल द्वारा पकाया हुआ तो नहीं है। यदि आम खाना है तो उसे अच्छी प्रकार से धोकर व छिलका उतारकर खाना चाहिए।

# गर्भवती किशोरी को स्कूल में नहीं मिल रहा है दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बाल विवाह का शिकार हुई 13 साल की किशोरी जहां गर्भवती है, वहीं अब इस किशोरी को कोई भी स्कूल दाखिला नहीं दे रहा है। किशोरी ने सातवीं कक्षा 85 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की थी, वही लड़की अब कक्षा आठवीं में दाखिले के प्रयास कर रही है। वहीं किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर सरकारी हो या प्राइवेट कोई भी स्कूल प्रशासन किशोरी को अपने विद्यालय में दाखिला नहीं दे रहा है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि किशोरी गर्भवती है और स्कूल में शिक्षित होने के दौरान उससे कोई शारीरिक, मानसिक या अन्य किसी तरह की कोई परेशानी हो गई तो इसकी गाज स्कूल प्रशासन पर गिरेगी। इधर, किशोरी व उसके परिजन प्रोटेक्शन ऑफिसर रजनी गुप्ता से मिले और पूरे मामले की जानकारी दी। वहीं रजनी ने किशोरी की हालत को देखते हुए उसे पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है। किशोरी के पेट में लगातार दर्द है, दर्द क्यों है और इसका उपचार कैसे किया जाएगा इसके लिए किशोरी की मेडिकल जांच की गई है। दूसरी ओर रजनी गुप्ता ने बताया कि किशोरी के गर्भपात करवाने के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संपर्क किया गया है। जल्द ही कोई न कोई समाधान निकाला जाएगा।

- 13 वर्षीय किशोरी का यूपी में जबरन बाल विवाह करने का मामला

### यह है मामला

उत्तर प्रदेश के फैजाबाद का एक परिवार गत 19 सालों से पानीपत में निवास कर रहा है। वही, इस परिवार की महिला ने पुराना औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 साल की पुत्री का विवाह चालू वर्ष के जनवरी माह में फैजाबाद प्रवास के दौरान जबरन उनके ही रिश्तेदार दलीप से करवा दी गई। वहीं, गर्भवती होने के बाद दलीप ने लडकी को उसके मायके पानीपत भिजवा दिया और यूपी में दूसरा विवाह कर लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दलीप पर केस दर्ज किया और इस केस को आगे की जांच के लिए यूपी की फैजाबाद पुलिस को रेफर कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### बेटे व पुत्रवधू पर घर से निकाले जाने का आरोप

**यमुनानगर।** महिला ने अपने बेटे व पुत्रवधू पर उसे मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। तारापुरी कॉलोनी निवासी उषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति अशोक और उसके बेटे अमन वर्मा की काफी समय पहलें मौत हो चुकी है। उनकी मौत के बाद उसका दूसरा बेटा अनिल व पुत्रवधू पारूल उसके मकान पर कब्जा करने के लिए उस पर दबाव बनाने लगे हैं। उसने इस बारे में विरोध जताया तो आरोपियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

### घर में घुसकर की दंपती से की मारपीट

यमुनानगर। हरबंसपुरा निवासी ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने कृष्ण पर पहले एक केस दर्ज कराया हुआ है। आरोपित उस पर केस वापस लेने का दबाव बना रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने उनके घर में घुसकर उसके और उसके पति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

### परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आज

**रादौर।** युवा ब्राह्मण धर्मशाला कमेटी रादौर द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कस्बा की ब्राहमण धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कमेटी के प्रधान सुमित पंडित ने बताया कि ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार सुबह 8 बजे हवन यज्ञ का आयोजन कर सुख समृद्धि व सभी के लिए मंगल कामना की जाएगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### चुनाव प्रचार के लिए सरकारी विश्राम गृहों का उपयोग नहीं

**यमुनानगर।** लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते सरकारी विश्राम गृहों,डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासीय परिसरों का उपयोग करने का सत्ताधारी पार्टी या उसके उम्मीदवारों का एकाधिकार नहीं होगा। ऐसे परिसरों का उपयोग पार्टियों व उम्मीदवारों द्वारा निष्पक्ष ढंग से किया जा सकेगा। ऐसे सरकारी परिसरों का उपयोग लोकसभा के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार कार्यालय या चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की बैठक के लिए नहीं किया जा सकता है।

## स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने विद्यार्थियों को बताया मदर्स डे का महत्व

# प्यार, त्याग और सहनशीलता का प्रतीक होती हैं मां : मोनिका




यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

### होली मदर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भाग लिया। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि कार्यक्रम में पहली से पाचंवी तक के विद्यार्थियों ने कार्ड मेंकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी भावनाओं को कार्ड के माध्यम से सांझा करते हुए मां के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। वहीं, कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने पोयम रैसिटेशन प्रतियोगिता में भाग लेकर कविता के माध्यम से माँ के प्रति अपने प्रेम व भावनाओं को सांझा किया। साथ ही कविताओं के माध्यम से माँ के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार संदेश भी दिया। जबकि नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने अपने भावनात्मक और विचारों से भरे भाषण दिए। भाषण के माध्यम से हमारे जीवन में माँ के महत्व को समझाया और माँ के प्रति अपना प्रेम और आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्या मोनिका ने बच्चों को मदर्स डे के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मां की हमारे जीवन में बहुत अहम भूमिका होती है। जो हमारे जीवन को आकार देती हैं और हमारी देखभाल करती हैं। यह दिन हम उन माताओं के प्रति अपना आभार और सराहना व्यक्त करते हैं, जो अपने जीवन को अपने बच्चों की खुशियों और संजीवनी को समर्पित कर देती हैं। मौके पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बताया कि मां प्यार, त्याग, और सहनशीलता का प्रतीक होती हैं। वे अपने समय, ऊर्जा, और प्रेम को बलिदान करती हैं। ताकि उनके बच्चे आदर्श व जिम्मेदार व्यक्ति बन सकें। इसलिए हमें इस खास दिन पर हमें अपनी माताओं के प्रति अपना आभार प्रकट करना चाहिए और उनके साथ अपने प्यार को साझा करना चाहिए। हमें उनकी निःस्वार्थ सेवा और असीम प्रेम के प्रति अपने समर्पण को स्मरण रखना चाहिए।




यमुनानगर। लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## मनुष्य के जीवन में मां का अतुलनीय योगदान

- लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

लाइक पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में वीरवार को मातृ दिवस के पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर कार्ड बनाए। कार्ड पर अपनी-अपनी माता का छायाचित्र लगाकर माँ के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य कंवर शास्त्री ने किया। प्रधानाचार्य कंवर शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में कुछ विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपना स्नेह एवं सम्मान प्रकट करते हुए अपना अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। वहीं, विद्यालय के अध्यापकों ने भी अपने अपने वक्तव्य के माध्यम से माँ की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने माँ के महान योगदान को अतुलनीय बताया। वैसे तो हमारा स्नेह संपूर्ण वर्ष ही माँ पर रहता है। लेकिन फिर भी मातृ दिवस पर हमें हमारी प्रथम शिक्षक, हमारी आदर्श और हमारी करुणा की मूर्ति माँ पर विशेषानुराग प्रकट करने का अवसर मिलता है।




यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

## बच्चों के प्रति हर वक्त समर्पित रहती हैं माताएं

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में वीरवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तूत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक सपना ने बताया कि स्कूल परिसर में स्पेशल असेंबली के माध्यम से मातृ दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने माँ के बलिदान और बच्चों के प्रति उसका समर्पण से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को माँ की महिमा का संदेश दिया। तीसरी कक्षा से पांचवी कक्षा वर्ग की स्पेशल असेंबली में उपस्थित अभिभावकों ने न केवल बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा, बल्कि जिस तरह से संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया उसकी भी प्रशंसा की। स्कूल की प्रधानाचार्या रितू सिंगला ने स्पेशल असेंबली का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में हर बच्चे की अलग जरूरतें है और अलग अलग सकारात्मक व नकारात्मक पहलु हैं। जिन्हें देखते हुए स्कूल की तरफ से व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें हर बच्चे के इन पहलुओं पर काम करके उन्हें सुधारा जाता है और स्पेशल असेंबली के माध्यम से बच्चों के उन पहलुओं को अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है। उन्होंने कहा कि माँ की महिमा का जितना गुणगान किया जाये उतना ही कम है। क्योंकि माँ का बच्चों के प्रति समर्पण और बलिदान का इस पुरे विश्व में कुछ भी सानी नहीं है। उनके प्रति हमे भी अपनी जिम्मेदारियां समझ कर उन्हें निभाना चाहिए।

## जन कल्याण से बढ़कर कोई पुण्य कर्म नहीं

- श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित की जा रही पांच दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। बिलासपुर के घाढ़ क्षेत्र स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के समापन पर प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान श्रवण करते श्रद्धालु।

श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा घाढ़ क्षेत्र स्थित श्री हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने श्रद्धालुओं को परमशक्ति के धरा पर अवतार लेने के उदेश्य के बारे में बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया।

इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने फरमाया कि त्रेता युग में जब राक्षसों का अत्याचार बढ़ गया तो प्रभु श्रीराम ने राजा दशरथ के यहां पुत्र के रुप में जन्म लेकर अधर्म का नाश किया। उन्होंने जनकल्याण के लिए चौदह वर्ष तक वनवास जैसी पीड़ा झेलकर राक्षसों का वध किया। उन्होंने फरमाया कि प्रभु श्रीराम के चरित्र से हमें जहां मर्यादा में रहने की सीख मिलती है, वहीं, इस कलियुग में जनकल्याण के लिए प्रेरणा मिलती है। जनकल्याण के लिए कार्य करके जहां आत्मा को शांति मिलती है, वहीं, दूसरों का भला होता है। इसलिए कहा गया है कि जनकल्याण से बढ़कर कोई दूसरा पूण्य नहीं है। जो सबके कल्याण के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। वह सुख और दुख नही देखता है। वह देखता है तो केवल मानव के भीतर मानवता की खोई हुई गरिमा। महाराज ने कहा कि जब भी धरा पर अधर्म बढ़ता है तो परमशक्ति अवतार लेकर धर्म की रक्षा करती है। इसके लिए चाहे त्रेता हो या द्वापर या कलयुग। हर समय धरा पर वो शक्ति आकर अपना कार्य करती है।

लेकिन हम उस शक्ति को जान नहीं पाते हैं। मगर जब व शक्ति धरा को छोड़कर चली जाती है तो हम उसे अपना पंथ बना कर पूजने लगते हैं। हमें अपने अहंकार को त्याग कर प्रभु श्रीराम जैसी परमशक्ति द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को साकार करना चाहिए। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम और श्रीहनुमान की महिमा का गुणगान किया गया। बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

## बाजारों में जाम लगने से लोग परेशान

- गर्मी के मौसम में बर्तन नगरी के बाजारों में जाम लगना लोगों के लिए बन रहा मुसीबत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में दिनों दिन गर्मी की तपिश बढ़ने के बावजूद देश भर में बर्तन नगरी के नाम से मशहूर जगाधरी के के बाजारों में लोगों को अतिक्रमण व जाम लगने की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। आलम यह है कि दुकानों के समक्ष कई-कई फुट अतिक्रमण होने से जगाधरी के कई बाजारों में रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे राहगिरों व स्कूली बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगाधरी के बर्तन बाजार में जाम में फंसे रोहित, संजीव कुमार, प्रमोद, राहूल , विवेक व सुरेश आदि ने बताया कि दुकानदार दुकानों के बाहर बर्तनों से भरे बोरे रख देते हैं। फिर इन्हें वाहनों में भरकर बाहर सप्लाई करने भेजा जाता है। बर्तन भरने के लिए बाजारों में पहुंचे वाहन आड़े-तिरछे होकर जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। दोपहर के समय समस्या अधिक गहरा जाती है। ऐसे में मौसम में बन रही गर्मी की तपिश और जाम में फंसना लोगों के लिए भारी मुसीबत का कारण बन रहा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से तंग बाजारों में किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की।



यमुनानगर। जगाधरी के बाजार में दोपहर के समय अतिक्रमण होने से बनी जाम की स्थिति में फंसे वाहन व लोग। *फोटो : हरिभूमि*

### इन स्थानों पर लगता है जाम

जगाधरी के पंसारी बाजार, पत्थर बाजार, खेड़ा बाजार, रेलवे बाजार, चौक बाजार, छटा बाजार, पुरानी अनाज मंडी के नजदीक, राजा चौक, बूड़िया चुंगी से शमशान घाट मार्ग तक आदि स्थानों पर आए दिन कहीं न कहीं जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## विद्यार्थियों को रेडक्रॉस के मूलभूत सिद्धांतों से करवाया अवगत

**यमुनानगर।** राजकीय महाविद्यालय छछरौली में वाईआरसी यूनिट के द्वारा वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के अवसर पर मानवता को जिंदा रखना विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस यूनिट के अध्यक्ष प्रोफेसर सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत करवाया। प्रोफेसर सतबीर सिंह ने रेडक्रॉस के मूलभूत सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता पर प्रकाश डालते हुए कहां कि समाज के हर व्यक्ति को इस मानवीय संस्था के साथ अधिक से अधिक जुड़कर समाज व राष्ट्र की सच्ची सेवा में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, कुष्ठ रोग निवारण, टीबी एवं अन्य अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

## तिरंगा मार्च निकालकर मतदाताओं को किया जागरुक

- ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी समेत कई संस्थानों ने संयुक्त रूप से निकाला तिरंगा मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करें के लिए वीरवार को ग्रीन पार्क वेलफेयर एसोसिएशन, ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी, ग्रीन पार्क महिला किटी कमेटी व राजकीय प्राथमिक पाठशाला रामपुरा कॉलोनी द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा मार्च निकाला गया। इस दौरान पहले करो मतदान, फिर करो जलपान। 25 मई को क्या है मतदान है मतदान है मतदान है,भारत माता की जय हो, वंदे मातरम्‌ के नारों के साथ पूरा वातावरण चुनावमय हो गया। इस मार्च में 8 साल के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुगोंर् ने भाग लिया और सबसे मतदाताओं से अपील की कि वह वोट डालने के लिए जरूर मतदान केंद्र पर जाएं। वीरवार सुबह रामपुरा प्राथमिक पाठशाला से यह तिरंगा मार्च आरंभ हुआ। यहां से आरंभ होकर पहले ग्रीन पार्क फेस टू और फिर ग्रीन पार्क फेस वन में पहुंचा। जहां पर सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने भी मार्च का अभिनंदन किया और आश्वासन दिया कि वह वोट डालने अवश्य जाएंगे। इसके बाद मार्च रामपुरा कॉलोनी में पहुंचा और यहां पर भी यात्रा में शामिल स्कूली बच्चों, महिलाओं व पुरुषों ने गगन भेदी नारों से मतदाताओं में जोश भरने का काम किया। तिरंगा मार्च की समाप्ति पर सभी को शपथ दिलाई गई कि वह न केवल खुद मतदान करेंगे। बल्कि आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।



यमुनानगर। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए तिरंगा मार्च में भाग लेते लोग।

### बच्चों अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए भेजें

मौके पर बच्चों से भी आग्रह किया गया कि वह अपने अभिभावकों को जरूर मतदान करने के लिए भेजें। मौके पर ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान दविंदर मेहता ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव आयोग जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। वहीं, मात्र 50 से 60 प्रतिशत मतदाता ही अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं।

## बाइकर्स गैंग ने पोल्ट्री फार्म संचालक पर किया हमला

- गंभीर हालत में पोल्ट्री फार्म संचालक को अस्पताल में करवाया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने पोल्ट्री फार्म संचालक पर लोहे की राड व डंडो से हमलाकर घायल कर दिया। गंभीर हालत में पोल्ट्री फार्म संचालक को अस्पताल में भरती करवाया गया है। पुलिस ने पोल्ट्री फार्म संचालक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक सादिकपुर निवासी कयूब खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पोल्ट्री फार्म चलाता है। हर रोज की तरह वह सुबह के वक्त मोटरसाइकिल पर घर से पोल्ट्री फार्म जा रहा था। रास्ते में वह पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में तेल डलवाने लगा तो इस दौरान वहां पर सुलतान व तेजा एक अन्य युवक के साथ अपने हाथो में लोहे की राड व डंडे लेकर पहुंच गए। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपियो ने उस पर राड व डंडो से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे गंभीर हालत में करके मोटरसाइकिल पर फरार हो गए।

### जिला सचिवालय में चुनाव में लगे अधिकारियों की बैठक

# चुनाव में संदिग्ध वाहनों पर रखे कड़ी नजर

- एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अनु बंसल ने बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न करवाने को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय में चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अनु बंसल ने की। एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अनु बंसल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर एफएसटी और एसएसटी टीमें संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी टीमों को अपनी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर चुनावी खर्च की कड़ी निगरानी के साथ-साथ प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का रिकॉर्ड निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप बिल्कुल सही ढंग से रखें। बंसल ने कहा कि जो टीमें फील्ड में नियुक्त की गई हैं। उनकी प्रतिदिन रिपोर्ट लें। किसी भी जनसभा या रैली के खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। जो भी खर्च हो उसे शैडो रजिस्टर में दर्ज करें।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में चुनाव से संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अनु बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

### बिना अर्थॉरिटी के नहीं ले जाए जा सकते पैसे

एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अनु बंसल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति पचास हजार से दस लाख तक बिना अर्थॉरिटी के पैसों को नहीं ले जा सकता है। अगर व्यक्ति के पास आँथोरिटी नहीं होगी तो एफएसटी व एसएसटी टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति दस लाख से ऊपर ले जाता पाया जाता है तो ये टीमें यह केस इनकम टैक्स विभाग के नोडल अधिकारी को सौंपेगी । विभाग द्वारा एक्ट के अनुसार व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, चुनाव तहसीलदार गुलशन आदि मौजूद रहे।

## महिला ने दंपती पर लगाया पांच लाख रुपये हड़पने का आरोप

### पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पति की मृत्यु के बाद सरकार द्वारा दी गई पांच लाख रुपये की राहत राशि

महिला ने पति की मृत्यु के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता के पांच रुपये एक दंपत्ति द्वारा हड़प लिए जाने का आरोप लगया है। पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरस्वती नगर निवासी संगीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति दिनेश की वर्ष 2023 में मौत हो गई थी। इसके बाद उसे सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रुप में पांच लाख रुपये की राहत राशि दी गई। मगर इस राहत राशि को पाने के लिए उनके परिवार के ही जोगिंद्र व उसकी पत्नी सीता ने मिलीभगत करके उसके स्थान पर संबंधित विभाग में अपना खाता नंबर दे दिया। जिसमें संबंधित विभाग द्वारा उसके नाम के भेजे जाने वाले पांच लाख रुपये आरोपी जोगिंद्र व उसकी पत्नी सीता के खाते में डाल दिए। उसने आरोपियों से विरोध जताया तो उन्होंने उसे पैसे देने से मना कर दिया और दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। परेशान होकर उसने पुलिस को शिकायत कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**



## कुवि में एकल कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में वीरवार को अ कप ऑफ टी एकल कला प्रदर्शनी उद्घाटन वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की डीन प्रो. नीलम ढांडा ने बतौर मुख्यातिथि किया। प्रदर्शनी में प्रो. नीलम ढांढा ने कलाकार छात्रा मोहिनी से उसके विषय के विभिन्न तकनीक और बारीकियों के बारे में बातचीत करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छात्रा की कलाकृति और विचारों के साथ गहन जुड़ाव बहुत अच्छा है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाए गए लाइव दृश्य जरूर बिकेंगे।

## भगवान परशुराम का चरित्र अक्षय : श्रीप्रकाश

**थानेसर।** भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि भगवान परशुराम का चरित्र अक्षय है। भगवान परशुराम का जीवन का समूचा अभियान, संस्कार, संगठन, शक्ति और समरसता के लिए समर्पित रहा है। अपने किशोर वय से है भगवान परशुराम ने समाज की कुप्रथाओं को रोककर एक संस्कारी समाज के निर्माण का अभियान छेड़ दिया था। उस काल में जितने अराजक और आतंकी तत्व थे भगवान परशुराम ने सबका दमन किया।

## चार विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत चयन

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा एमएससी प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के लिए एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसके तहत संस्थान के 4 विद्यार्थियों को रिप्लिका प्रेस प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत द्वारा चयनित किया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान के चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। संस्थान की निदेशिका प्रो. बिन्दु शर्मा ने बताया कि रिप्लिका प्रेस प्राइवेट लिमिटेड का प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग के क्षेत्र में जाना माना नाम है।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव हेतु दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित परशुराम जन्मोत्सव में भी शिरकत की। इस मौके पर जयहिंद ने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए। गरीब कमजोर की लड़ाई लड़ने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है और जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते। जयहिंद ने कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और उसका न्योता 36 बिरादरी का भाईचारा 36 बिरादरी को घर -घर देकर आएगा।

## आपके बच्चों को बेहतर भविष्य देगा नवीन

**पिहोवा।** नवीन जिन्दल ने हमेशा पिहोवा के लोगों की सेवा की है, इसलिए आज मैं आप सबके बीच गर्व के साथ नवीन के पक्ष में मतदान करने की अपील कर पा रही हूं। यह बात पिहोवा विधानसभा के गांव मुकिमपुर में हरियाणा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती सावित्री जिंदल जी ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में गांव वासियों से कही। उन्होंने इसके बाद छेल्लों, सुरमि, चनालहेड़ी, अरुणाय, सैंसा, गौ-चरांद में लोगों को संबोधित करते हुए सावित्री जिंदल ने कहा कि आप सभी ने पहले भी नवीन जिन्दल को अपने क्षेत्र में सेवा करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें कमल का फूल देकर फिर आपके पास भेजा है।

### चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह किए आबंटित

# कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से 31 प्रत्याशियों के बीच सियासी रण

**शांतनु शर्मा ने की सभी प्रत्याशियों से आदर्श चुनाव आचार संहिता पालना करने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

वीरवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से विक्रम, आजाद उम्मीदवार सुभाष व अभिषेक के पर्चा वापसी के बाद 31 प्रत्याशी मैदान में होंगे। इन्हें चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं। इसी के साथ सियासी रण सज गया है। अब इनके बीच जीतने की जद्दोजहद रहेगी। वीरवार को निर्धारित समय तक चली प्रक्रिया में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। यह सारी प्रक्रिया चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की गई। बकायदा इस सारी गतिविधि की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। सामान्य पर्यवेक्षक डा. माधवी खोड़े चवरे, खर्चा पर्यवेक्षक कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सभी प्रत्याशियों व प्रत्याशियों के चुनावी एजेंटों से भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की ईमानदारी के साथ पालना करने की अपील भी की है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के न्यायालय कार्यालय में बनाए गए नामांकन कक्ष में वीरवार को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से विक्रम, आजाद उम्मीदवार सुभाष व अभिषेक ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। अब 31 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं, जिनमें कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से इंडियन नैशनल लोकदल के अभय सिंह को चश्मा (स्पैक्टलस), भारतीय जनता पार्टी के नवीन जिंदल को कमल (लॉटस), आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार गुप्ता को झाड़ू, बहुजन समाज पार्टी के दीपक मेहरा को हाथी (एलीफैंट), जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार पाला राम को चाबी का चुनाव चिन्ह शामिल है।

### नरेश कुमार को मिला टेलिफोन चुनाव चिह्न

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार एकम सनातन भारत दल से महावीर सिंह को बांसुरी, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से ओम प्रकाश को बैटरी, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) से सतबीर को कांच का गिलास, समता पार्टी से नरेश कुमार टेलिफोन, शिरोमणी अकाली दल (अमृतसर) से खजान सिंह को बाल्टी, पीप्लस पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से इंदरजीत काम्बोज को टोकरी, लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी से सतनाम को माचिस की डिब्बी, राष्ट्द्रीय गरीब दल से प्रदीप सैनी को बल्लेबाज, भारतीय आशा पार्टी से सतीश कुमार को आटो रिक्शा, ग्लोबल रिपिब्लिकन पार्टी से ओम प्रकाश इंदल को गैस सिलेंडर का चुनाव चिन्ह आंवटित किया गया है। आजाद उम्मीदवारों में अनिल को सेब, अश्वनी शर्मा हरितवाल को फुल गोभी, फूल सिंह को चारपाई, वरूण गुप्ता को बैट, जयप्रकाश शर्मा को हैडफोन, जय कुमार को गन्ना किसान, पताशो देवी को चक्की, रमेश चंद्र खटकर को करनी, अमित मलिक को ब्लैक बोर्ड, सेवा सिंह को सिलाई की मशीन, महेश चंद को सितार, मंगत राम को डोली, रामदिया को केतली, विशाल कुमार को कंप्यूटर, सुरेन्द्र चहल का आईसक्रीम, सन्नी को रोड रोलर का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, नगराधीश रमन गुप्ता, चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक के साथ-साथ संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकतंत्र की मजबूती को रैली निकालकर किया जागरूक




कुरुक्षेत्र। मतदाताओं को जागरूक करते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

- रैली श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से शुरू हुई
- मतदान करने से मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से शुरू हुई और सेक्टर सात और आठ में होते हुए विद्यार्थियों द्वारा स्वस्थ जनतंत्र की पहचान, सभी करें मतदान, प्रजातंत्र से नाता, हम सब मतदाता है स्लोगन के साथ नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सेक्टरवासियों 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली को कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें, इससे स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने निर्भीक और निष्पक्ष होकर स्वतंत्रतापूर्वक बिना प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि वोट हर आदमी का अधिकार है। देश के हर नागरिक को वोट जरूर डालना चाहिए, हो सकता है उम्मीदवार अच्छा न हो किन्तु इनमें से उच्चतम को चुनकर अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. राजेंद्र चौधरी, परीक्षा शाखा नियंत्रक रणधीर सिंह, डॉ. चक्रपाणि, मनीष एवं अन्य मौजूद रहे।

## ग्लोब हेरिटेज में मनाया मातृ दिवस

- सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को मां की महिमा का सन्देश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। माताएं अपने बच्चों को मातृ दिवस पर गुब्बारे देते हुए।

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक सपना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में स्पेशल असेंबली के माध्यम से मातृ दिवस मनाया गया जिसमें बच्चों ने मां के बलिदान और बच्चों के प्रति उसका समर्पण से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों को माँ की महिमा का सन्देश दिया। तीसरी कक्षा से पांचवी कक्षा वर्ग की इस स्पेशल असेंबली में उपस्थित अभिभावकों ने न केवल बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा बल्कि जिस तरह से सम्पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया उसकी भी प्रशंसा की। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने स्पेशल असेंबली का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में हर बच्चे की अलग जरूरतें है और अलग अलग सकारात्मक व नकारात्मक पहलु हैं जिन्हें देखते हुए स्कूल की तरफ से व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें हर बच्चे के इन पहलुओं पर काम करके उन्हें सुधारा जाता है और स्पेशल असेंबली के माध्यम से बच्चों के उन पहलुओं को अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है। उन्होंने उपस्थित जन को मातृ दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि माँ की महिमा का जितना गुणगान किया जाये उतना ही कम है क्योंकि माँ का बच्चों के प्रति समर्पण और बलिदान का इस पुरे विश्व में कुछ भी सानी नहीं है और उनके प्रति हमे भी अपनी जिम्मेदारियां समझ कर उन्हें निभाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित माताओं के लिए अनेक प्रकार की मनोरंजक गेम प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## क्लेरिकल एसोसिएशन की जिला प्रधान बनी मंजू

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के कुरुक्षेत्र कार्यालय में लिपिक वर्ग की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के राज्य पर्यवेक्षक कर्ण सिंह मोगा ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ साथ कई अहम मुद्दो पर चर्चा की गई। जैसे लिपिक वर्ग का मूल वेतन 35400 करवाना और हरियाणा सरकार द्वारा लिपिक वर्ग को दिए गए 21700 के लोलीपॉप का भी विरोध करना रहा। वोट फॉर 35400 और इस मुहिम को तेज करने के बारे में भी चर्चा की गई। मंजू रानी उपायुक्त कार्यालय को जिला प्रधान, एकता कुमारी हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को वरिष्ठ उपप्रधान, राकेश बैनीवाल नगर परिषद को जिला सचिव, रविंद्र कुमार हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को जिला संयोजक चुना गया है।

## कड़ा परिश्रम ही सफल जीवन का आधार : प्रोफेसर सोमनाथ

- कुवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में एमबीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कड़ा परिश्रम ही सफल जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पूरी करने के बाद विद्यार्थी में भविष्य निर्माण को लेकर अलग जिम्मेवारी का अहसास होता है इसलिए जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी कड़ी मेहनत करें तथा अपने शैक्षणिक संस्थान को भी गौरवान्वित करें। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने आईएमएस के छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की तथा आजीवन सीखने के महत्व पर भी जोर दिया। विदाई समारोह की शुरूआत पारंपरिक यज्ञ हवन के साथ हुई जिसमें सभी ने आहुति डालकर मंगल कामना की। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि विदाई समारोह भावुक करने वाला क्षण होता है लेकिन इसके साथ ही यह हमें आने वाले जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी प्रेरित करता है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. नीलम ढांडा, आईएमएस निदेशक प्रो. अनिल मित्तल, उपनिदेशक डॉ. राजन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एफएलएन प्रशिक्षण के कार्यक्रम के पहले बैच का हुआ समापन



**पिहोवा।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा खंड पिहोवा में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 6 मई से 9 मई खंड कार्यालय पिहोवा में किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग द्वारा अध्यापकों को प्रेरित किया गया कि वे इस कार्यक्रम में सिखाए गए मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक अर्थात एफ.एल.एन से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले व विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को आधुनिक जरूरत के अनुसार नवाचारों से अवगत करवाया गया है जिसका सीधा लाभ सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को होगा। एफ.एल.एन से संबंधित इस कार्यशाला में कक्षा चार व कक्षा 5 में एफ.एल.एन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड पिहोवा के 80 अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में खंड के सभी बीआरपी व एबीआरसी भी शामिल रहे व अपना उत्तरदायित्व निभाया।

## तनुजा ने पार्टी की नीतियों का किया प्रचार

- मार्केट और दुकानदारों ने भी समर्थन इनेलो के प्रति दिखाया : तनुजा
- डोर टू डोर अभियान गांव पलवल में भी घरों की छतों पर लगाए झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रचार करती इनेलो नेत्री तनुजा।

डोर टू डोर अभियान के तहत इनेलो महिला विंग की जिलाध्यक्षा तनुजा द्वारा छोटा बाजार, सीकरी चौक मार्केट, पुराना बस स्टैंड मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी मार्केट व गांव पलवल में पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। मार्केट में लोगों ने समर्थन दिया और पलवल गांव में डोर टू डोर किया घर की छतों पर झंडे भी लगाए गए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनेलो नेत्री महिला जिला अध्यक्षा तनुजा कुरुक्षेत्रा ने कहा कि मार्केट और दुकानदारों ने भी अपना भरपूर स्नेह और समर्थन इंडियन नेशनल लोकदल के प्रति दिखाया है। लोग पूरे जागृत हैं अबकी बार कुरुक्षेत्र में इंडियन नेशनल लोकदल की सरकार बनेगी। इसी के साथ तनुजा ने बताया कि गांव पलवल में भी डोर टू डोर किया गांव पलवल में भी घरों की छतों पर झंडे लगाए गए। अब इंडियन नेशनल लोकदल के झंडा लहरा रहे हैं। लोगों में बड़ा प्यार और स्नेह है। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रति गांव की बात हो या फिर शहर की, हर जगह इनेलो अब सुर्खियों में है। इस मौके पर महिला जिला अध्यक्षा तनुजा कुरुक्षेत्रा, इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप, अभिषेक, गौरव, रिंकू, अभी, काजल, पाला राम कश्यप सहित इंडियन नेशनल लोकदल हल्का थानेसर की पूरी टीम मौजूद रही।

## गुरु ग्रंथ साहिब के अनादर की निंदा



प्रधान तेजेंद्र सिंह।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा की सभी सिख जत्थे बंदिया और धार्मिक सभा सोसायटियों के प्रधान और मेंबर्स ने जिला नारायणगढ़ में गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब में सीएम के प्रोग्राम से पहले गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहब की चेकिंग की गई जोकि बहुत ही निन्दनीय कार्यवाही थी। इस चेकिंग को लेकर सिख संगत में भारी रोष है और पूरे देश की सिख संगत द्वारा गुरु घरों में हो रेही बेअदबिया सिख समाज और गुरु नानक नाम लेवा संगत में भारी रोष है। इस घटना की निंदा करते श्रीहेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान एवं सीनियर लीडर शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट के तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि हरियाणा के सीएम नायब सैनी से अपील करते हैं कि सिक्योरिटी चेकिंग की जिस भी अधिकारी ने आज्ञा दी या जो भी इसमें संलिप्त था उस पर विभागीय कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर गुरविंदर सिंह, बलबीर सिंह, अजीत सिंह, गुरदेव सिंह , दिलबाग सिंह, जसपाल सिंह, अवतार सिंह, प्रीतपाल सिंह और धार्मिक जत्थे बंदियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर जिलाभर में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# किसी जाति विशेष या संप्रदाय के विरुद्ध नहीं थे भगवान परशुराम : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के पदाधिकारीयों के साथ।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर के समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने भी भगवान परशुराम चौक पर पहुंचकर भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान श्याम सुंदर तिवारी, पूर्व प्रधान एवं इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा, सभा के वरिष्ठ उप प्रधान यशपाल शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, संदीप गौतम, चंद्रशेखर शर्मा, नरेश भारद्वाज तथा अश्वनी शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण नेता उपस्थित थे। अशोक अरोड़ा ने भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा भगवान परशुराम किसी जाति या संप्रदाय के विरुद्ध नहीं थे। उन्होंने आतताई ताकतों का नाश करने के लिए शस्त्र उठाए था। भगवान परशुराम ने उपदेश दिया मानव को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा आज फिर देश में आतताई ताकते सिर उठा रही है और हमें एकजुट होकर देश तोड़ने वाली इन ताकतों का मुकाबला करना होगा।

अशोक अरोड़ा ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या संप्रदाय के नहीं होते। वह समस्त मानव जाति के मार्गदर्शक होते हैं और जनकल्याण के लिए अवतार लेते हैं। हमें संप्रदायवाद और जातिवाद के जहर को खत्म करना होगा। यही भगवान परशुराम का सच्चा संदेश था।

### महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए : सुमित कुमार



**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में वीर योद्धा महाराणा प्रताप, भगवान परशुराम एवं रविंद्र नाथ टैगोर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय आचार्या कविता दत्त ने बताया कि समाज में विभिन्न कालखंडों में ऐसे महान लोग जन्म लेते हैं जिसे पूरा समाज प्रभावित रहता है तथा उन्हें अपना आदर्श भी मानता है। महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में महापुरुषों की जयंतियां मनाई जाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने कविता, भाषण एवं नृत्य आदि के द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी एवं महापुरुषों की जीवनी के बारे में भी बताया गया। महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प भी अर्पित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने बताया कि हमारे पास महान आत्माओं के विषय में बताने को इतना ज्ञान है जिससे पूरे विश्व को एक नया मार्ग मिल सकता है। भारतीय संस्कृति में हर दिन का इतिहास है। हमारा हर दिन पवन है। महापुरुषों को आदर्श मानकर ही वसुधैव कुटुंबकम जैसे संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

### उत्साह पूर्वक मनाई परशुराम जयंती



**कुरुक्षेत्र।** जय भारती विद्या मंदिर में बड़े उल्लास पूर्वक भगवान परशुराम जन्मोत्सव व महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या नेहा शर्मा तथा इस अवसर पर विशेष तौर पर आमंत्रित विशाल हॉस्पीटल के संचालक डाक्टर विशाल द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने पूजा अर्चना से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर ओम गोपाल शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। वे माता-पिता के अनन्य भक्त थे व भगवान शिव के उपासक थे। प्राचार्या नेहा शर्मा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया तथा हल्दीघाटी के युद्ध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों की फैंसी ड्रेस में आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर वर्ष 2023-24 की वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### बच्चे मां का कर्ज नहीं उतार सकते

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रस्तुतियाँ पेश करके अपनी मां के प्रति अपना प्यार प्रदर्शित किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने आप को आई लव यु की आकृति में खड़े होकर माँ के प्रति प्यार दिखाया।

### चोरी के मामले में महिला को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला गिरफ्तार किया है। हीरा नगर के राकेश पुरी ने 8 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 मई 2024 को हीरा नगर में स्थित उसके घर से आरोपी महिला ने नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल खेत्रपाल को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। बकरा मंडीके चरणजीत कुमार ने 18 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अनिल खेत्रपाल व अन्य ने 1 अगस्त 2021 से 07 अगस्त 2023 के दौरान बनाई गई कमेटी में लगाया पैसा हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 22 साल की लड़की लापता, केस दर्ज

**बराड़ा।** गांव अधोया से एक 22 वर्षीय लडक़ी के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव अधोया हिंदवान के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास तीन बच्चे है जिसमें बड़ा लडक़ा, दो लड़कियां हैं। एक बेटी एमए की पढ़ाई करने के बाद अंबाला कोर्ट में वकील के पास नौकरी कर रही थी। हर रोज की तरह सुबह 7 बजे अंबाला कोर्ट में गई थी लेकिन जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी तो उन्होंने अपने तौर पर उसकी तलाश की लेकिन उसके बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली निगम की 55 हजार की तार चोरी

**बराड़ा।** गांव अधोया के पास से बिजली की तारें व स्पेन चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में एसडीओ ने कहा कि उनके विभाग के जेई सुरेंद्र कुमार से शिकायत मिली कि 19 अप्रैल को अधोया के पेट्रोल पंप के पास तारें व खंबे टूट गए थे जिसमें 10 एचटी पोल टूट गए। वहां से लगभग 650 मीटर चोरी हो गई जिसकी अनुमानित राशि 55497 बताई जा रही है।

### कस्सी मार पत्नी की हत्या का आरोपी भेजा जेल

**कैथल।** गर्दन पर कसी से वार कर पत्नी की हत्या करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एसआई विजेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी मानस रोड़ कैथल निवासी लखा राम को गिरफ्तार कर आरोपी का बुधवार को कोर्ट से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया था। शिकायत अनुसार वह शहर में एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता है।

## अंबाला लोकसभा सीट पर जीत के लिए बहाएंगे पसीना

# एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस लिया, अब 14 चुनाव मैदान में

राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दल अपने चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे चुनाव

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने 9 को आवंटित किए चुनाव चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला




अंबाला। उम्मीदवारों को चुनाव चह्नि अलॉट करते नर्विाचन अधिकारी डॉ. शालीन

अंबाला लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार तय हो गए हैं। एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया है। इसके साथ ही अब 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में जीत के लिए पसीना बहाएंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि वीरवार को अंबाला लोकसभा सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी कुलबीर सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। अब चुनाव में 14 उम्मीदवार शेष बचे हैं। इसके साथ-साथ 9 उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न भी आवंटित किए गए। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दल अपने चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में 7-ए फाइनल हो गया है, अब बैलेट पेपर छापने की सूचना आयोग को भेजी जाएगी। 25 मई को मतदान के दिन ईवीएम में एक बटन नोटा का व अन्य बटन क्रमवार से उम्मीदवारों के नामानुसार होंगे।

**इन्हें मिले चुनाव चिह्न**

आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के कमल कुमार को केतली निशान दिया गया है जबकि पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से गुलाब सिंह नरवाल को फलों से युक्त टोकरी चुनाव निशान मिला है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नीतेश चोपड़ा को ट्रक, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह को डायमंड, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से मामचंद को बैटरी टॉर्च, एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया को बांसुरी, हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार को गन्ना किसान, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार को चारपाई, नर्दिलीय उम्मीदवार मोहर सिंह को चुनाव को सेब चुनाव चह्नि अलॉट किया गया है। इसी तहर जजपा से डॉ. किरण पूनिया, इनेलो से गुरप्रीत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, भाजपा से बंतो देवी कटारिया व इंडियन नेशनल कांग्रेस से वरूण चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं।

# हाइमास्ट लाइट की खरीद में 3.83 लाख की ठगी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- बैंकों ने कंपनी के खातों को वेरिफाई नहीं किया

पटेल रोड के कंवर शिव कुमार वर्मा से हाई मास्ट लाइट पोल के सौदे में 3.83 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। इस संबंध में कंवर शिव कुमार वर्मा की शिकायत पर आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक मनीषा ने अपना परिचर सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हापुड़ का प्रतिनिधि बताते हुए हाई मास्ट लाइट पोल बेचने को लेकर सौदा किया था। इस सौदे की एवज में महिला ने उससे अलग तिथियों में कुल 3.83 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद इस महिला ने उससे कोई संपर्क नहीं किया और उसका फोन बंद आने लगा। इस रकम को ट्रांसफर करने से पहले बैंकों ने सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खातों को वेरिफाई नहीं किया था।

### बेटी के अपहरण में साली व उसके बच्चे नामजद: पुलिस ने की जांच शुरू

**अंबाला।** बब्याल के चमतौरी लाल ने लापता 15 साल की बेटी को लेकर साली व उसके बच्चों पर अपहरण का आरोप लगाया। चमतौरी लाल के आरोपों पर महेश नगर पुलिस ने मैना, भोला, रंजीत व प्रताप के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया। चमतौरी लाल ने बताया कि उसके पास 4 लड़के व 5 लड़कियां हैं। उसकी 15 वर्षीय बेटी 4 मई की सुबह अपने कमरे में नहीं मिली। उसकी बेटी को उसकी साली मैना व उसके लड़के भोला, प्रताप व रंजीत बहका फुसलाकर ले गए थे। जब उसने मैना को अपनी बेटी को छोड़ने के लिए कहा तो वह उसे कहती है कि एक-डेढ़ लाख रुपए लेकर फैसला कर लो लेकिन उसकी बेटी को वह नहीं देंगे। उसकी बेटी इन लोगों के बहकावे में आकर उसके घर से 40 हजार रुपए नकद, 2 तोले सोना और 2 किलो चांदी अपने साथ ले गई।

### नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर गाड़ी, मोबाइल फोन व दस हजार रुपये लेकर फरार

**मुलाना।** एक शातिर ठग चालक को ही लूटकर फरार हो गया। आरोपी ने चालक को को कोल्ड ड्रिंक में नशीली वस्तु पिलाई। इसके बाद उसकी गाड़ी, मोबाइल और कैश लेकर फरार हो गए। चालक को अगले दिन होश आया तो उसने परिजनों को सारी बात बताई। अब मुलाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंजाब के जिला फाजिल्का के गांव सोना सांदडा का रहने वाले इकबाल सिंह ने बताया कि वह 7 मई की रात 10 बजे हरद्विार से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए ऐप से सर्वजीत नाम के एक व्यक्ति को लेकर अपनी गाड़ी में चला था। चालक ने बताया कि, गाड़ी का किराया 3 हजार रुपये तय हुआ था। जब वह यमुनानगर फ्लाई ओवर से गुजर रहा था तो पीछे बैठी सवारी ने कोल्ड ड्रिंक का गिलास पीने के लिए दिया। उसने एक गिलास पी लिया। वह टोल प्लाजा तक ठीक-रहा लेकिन जब उसने एक होटल के पास अपनी गाड़ी रोकी तो वहां बेसुध हो गया। उसे अगले दिन होश आया। तब उसने देखा तो उसकी गाड़ी नहीं थी। उसके 2 मोबाइल, 10 हजार रुपये कैश भी ठग ले गया। उसने मुलाना पेट्रोल पंप के पास दुकानदार से अपने घर पर बात की। परिजनों ने उसे बेसुध की हालत में सीएचसी मुलाना में भर्ती कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आज

- ब्राहमण धर्मशाला में होगा कार्यक्रम

**रादौर।** युवा ब्राह्मण धर्मशाला कमेटी रादौर द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर कस्बा की ब्राहमण धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान व हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कमेटी के प्रधान सुमित पंडित ने बताया कि ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार सुबह 8 बजे हवन यज्ञ का आयोजन कर सुख समृद्धि व सभी के लिए मंगल कामना की जाएगी। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# वर्कशॉप में विद्यार्थियों को बारीकियां समझाईं

- एमडीएसडी कॉलेज में लाइब्रेरी विभाग की ओर से आयोजित हुई वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



अंबाला। वर्कशॉप के दौरान मौजूद डॉ. चौहान व छात्र।

एमडीएसडी कॉलेज में लाइब्रेरी विभाग में एनलिस्ट विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता की भूमिका पुस्तकालयाध्यक्ष डॉक्टर कौशल चौहान ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को एनलिस्ट के बारे में बताते हुए कहा कि एनलिस्ट के माध्यम से विद्यार्थी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की अध्ययन सामग्रियों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनलिस्ट में ई-पुस्तकों के अलावा ई-जर्नल्स एवं अन्य शिक्षक सामग्रियां उपलब्ध हैं जिनका अध्ययन छात्र छात्राएं एनलिस्ट का मेंबर बनकर बड़ी आसानी से कर सकते हैं। डॉक्टर कौशल चौहान ने वर्कशाप के अंतर्गत विद्यार्थियों को समझाया कि वह कैसे एनलिस्ट के मेंबर्स बन सकते हैं तथा एनलिस्ट के माध्यम से कैसे इस संसाधनों का उपयोग करके, अपने ज्ञान को गहरा करने का अवसर पा सकते हैं। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल कर्मजीत कौर ने डॉक्टर कौशल चौहान को वर्कशाप के सफल संचालन पर बधाई थी तथा भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम करवाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ट्रेन से उतरते समय लड़खड़ाए यात्री की जवान ने बचाई जिंदगी

**अंबाला।** अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से नीचे उतरते समय एक यात्री अचानक प्लेटफार्म पर गया। ऐन मौके पर खड़े आरपीएफ के जवान ने यात्री को ट्रेन के नीचे से खींच जान बचा ली। हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर वीरवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या-12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस वाराणसी से जम्मूतवी जा रही थी। ट्रेन सुबह करीब 5 बजे प्लेटफार्म नंबर 2 पर पहुंची ही थी कि यात्री चलती ट्रेन से बैग लेकर उतरने के लिए कूद गया लेकिन चलती ट्रेन के कारण वह अचानक लड़खड़ाकर गिर गया। यात्री सीधा ट्रेन के नीचे पहिए की तरफ जा रहा था कि पास से गुजर रहे आरपीएफ के कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत अपनी ओर खींच लिया। जवान ने चंद सैकेंड में यात्री को खींच लिया। वहां जवान तैनात नहीं होता तो यात्री की जान जा सकती थी। आरपीएफ के इंस्पेक्टर जावेद खान ने बताया कि कांस्टेबल धर्मेंद्र ने एक सराहनीय कार्य किया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी गई है।

# महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा



महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कॉलेज स्टाफ व अन्य।

महाराणा प्रताप नेशनल महावद्यिालय में वीर शिरोमणि, देशभक्त महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समस्त महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप समस्त समाज के लिए एक आदर्श और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें विपरीत परिस्थितियों में भी कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने बार-बार मुगलों के आक्रमणों का सामना किया लेकिन कभी भी अपनी आन बान और शान के साथ समझौता नहीं किया। उन्होंने सीमित संसाधनों के बल पर कई वर्षों तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि उनका चरित्र आज के युग में समाज को नई दिशा दिखता है। उन्होंने कहा कि आज समस्त महावद्यिालय एक उद्यान के समान पुष्पित, व गर्वित महसूस कर रहा है। महाराणा प्रताप महाविद्यालय सदैव उनकी शिक्षाओं व उनके संघर्ष को नमन करता है।

# नगूरां में दूषित पानी पी रहे लोग

- महिलाओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अलेवा

**मामला संज्ञान में नहीं**

जलापूर्ति विभाग के जेई रोहित ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसी बात है तो तुरंत प्रभाव से कर्मचारियों को भेजकर कहीं लिकेज आदि से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है तो उसको बंद किया जाएगा। लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

गांव नगूरां में करीब 10 दिनों से जलापूर्ति विभाग द्वारा नगूरां बस स्टैंड के साथ लगती कालोनी में पीने के पानी के नाम पर गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसके विरोध स्वरूप वीरवार को कालोनी की महिलाओं ने जलापूर्ति विभाग तथा जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया है। गांव की महिलाओं का कहना है कि अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो गांव के लोग सड़क जाम करने पर मजबूर होगें। गांव की महिलाओं का कहना है कि करीब 10 दिनों से नगूरां बस स्टैंड के साथ लगती कालोनी के लोग पीने के पानी के नाम पर गंदगी युक्त पानी पी रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन तथा जलापूर्ति विभाग के अधिकारी इस तरफ किसी प्रकार का ध्यान नही दे रहे हैं। लोग जानवरों की तरह गंदा पानी पीने को मजबूर है। गांव नगूरां निवासी महिला मूर्ति, हरदेई, बिमला, सुदेश, पिंरयका, मुन्नी आदि ने बताया कि जलापूर्ति विभाग द्वारा करीब 10 दिनों से कालोनी में पीने के पानी के नाम पर गंदगी परोसी जा रही है। मामले को लेकर पंचायत तथा संबधित विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, लेकिन उनके पीने के पानी की समस्या का समाधान नही हुआ।

# मटौर रोड पर तीन वाहनों का बिगड़ा संतुलन, मोटरसाइकिल चालक जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत



कलायत के मटौर रोड पर बृहस्पतिवार को एक से दूसरे और तीसरे वाहनों की क्रमवार टक्कर हो गई। इसमें एक मोटर साइकिल सवार युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जबकि अलग-अलग वाहनों में सवार कई लोग बाल-बाल बच गए। ट्रैक्टर-ट्राली दुर्घटना बचाव के प्रयास में खाई में उतर गई। तीसरा वाहन पलटने से बच गया और मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हुआ। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों ने बताया कि देखते ही देखते मटौर से कलायत की तरफ आ रहे अचानक तीन वाहनों का संतुलन बिगड़ गया। तीनों वाहन चालक संतुलन को न संभालते तो कई जानें जा सकती थी। वाहनों की टक्कर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बड़ी संख्या में मौका स्थल से गुजर रहे यात्रियों ने पुलिस की मदद की। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि घटना में मोटर साइकिल सवार जख्मी युवक को तत्काल प्रभाव से अस्पताल भेजा गया। क्षति ग्रस्त वाहनों को मौके से हटाया।

# कालपी पुल पर बदमाशों ने आढ़ती पर किया हमला, 2.30 लाख रुपये लूटकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

**कार की पिछली सीट पर था रुपयों से भरा बैग**

*शिकायत के अनुसार उनमें से एक आरोपी ने थार की पिछली सीट पर 2 लाख 30 हजार रूपये से भरे बैग को निकाल लिया। विकास ने उसे पकड़ा लेकिन दूसरे युवक ने विकास को पीट कर उससे अपने साथी को छुडवा कर कार में बैठ कर शहजादपुर रोड़ की तरफ फरार हो गए। विकास के अनुसार उसकी पिछली जेब में तीस हजार रूपए व दो मोबाइल उन युवकों की नजर से बच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*

बुधवार रात कुछ बदमाशों ने नहौनी कालपी पुल के पास आढ़ती की कार पर अंडे फेंक व डंडों से वार कर उससे 2 लाख 30 हजार रुपये से भरे बैग को लूट ले गए। आढ़ती के अनुसार उनके पास देशी कट्टा भी था। आरोपियों ने आढ़ती के साथ जमकर मारपीट भी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में प्रैल गांव के विकास ने बताया कि वह तलहेड़ी गुजरान से अपनी आढ़त की दुकान से बुधवार रात करीब दस बजे अपनी थार गाड़ी से अपने घर जा रहा था। गाड़ी में एक पीठू बैग में करीब दो लाख तीस हजार रूपये थे। शिकायत के अनुसार जब वह गाड़ी से नौहनी कालपी पुल के नीचे से होते हुए गांव की तरफ मुड़ा तो रास्ते के बीच में एक सिल्वर रंग की कार खड़ी थी। जिसे साइड़ लेने के लिए विकास ने हार्न बजाए। तो उसमें से 5 - 6 लड़के उतरे। जिनके हाथों में डंडे और एक के हाथ में देसी कट्टा था। जबकि कार चालक कुछ आगे करीब 300 मीटर लेकर चला गया। आरोपियों ने तुरंत थार गाड़ी के शीशे पर अंडे फैंकने शुरू कर दिए। गाड़ी के शीशे पर डंडों से वार किया और विकास को गाड़ी से बाहर निकाल कर उसे डंडों से पीटा।

### व्यक्ति की हत्या के दो आरोपितों को भेजा जेल

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने गांव घोघडिया में महिला से छेड़छाड़ से खफा होकर रिश्तेदारी में आए व्यक्ति की हत्या कर शव को खुर्द बुर्द करने के दोनो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। मृतक के जीजा गांव घोघड़िया निवासी गीन्नू ने आठ मई को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था। उसका रिश्ते का साला गांव भामरसीजर जिला फतेहगढ साहिब पंजाब निवासी तेजपाल 38 उनके पास गांव घोघडिया मे पिछले दो माह से रह रहा था। गत सात मई शाम को उसके साले तेजपाल का सुभाष की पत्नी से अश्लील हरकत करने को लेकर सुभाष से झगडा गया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### आर्य गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता

# पूरे परिवार को आर्थिक तौर पर बर्बाद कर देता है नशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला




नशा मुक्त अभियान के दौरान मौजूद कॉलेज छात्राएं व अन्य।

आर्य गर्ल्ज कॉलेज के प्रांगण में वीरवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. रंजू त्रेहन ने सभी छात्राओं को संदेश दिया कि नशीले पदार्थों का सेवन करना व करवाने के लिए उकसाना दोनों कानूनी अपराध हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम इसलिए आयोजित किए जाते हैं ताकि समाज के जन-जन तक इस बीमारी एवं लत को जड़ से समाप्त किया जा सके। इस अभियान को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाया गया। नशे से बचने व बचाने के लिए युवाओं को हर प्रकार की जागरूकता होनी चाहिए और यह जागरूकता इसी प्रकार के आयोजनों में करवाई जाने वाली गतिविधियों के द्वारा प्राप्त की जा सकती है। डॉ. रेखा ने छात्राओं को कहा कि हर प्रकार का नशा किसी एक व्यक्ति को ही नहीं बर्बाद करता है अपितु पूरे परिवार की बर्बादी का कारण बनता है। यह हम सभी के लिए एक चुनौती है। हमें एकजुट होकर प्रतिज्ञा लेनी चाहिए कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्रों बल्कि स्वयं को भी हमेशा के लिए नशामुक्त करवाएंगे। नशा मुक्ति केंद्र का सहारा भी लिया जा सकता है। नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक व मानसिक नियंत्रण धीरे-धीरे समाप्त होता जाता है। शराब, सिगरेट, तंबाकू, अफीम, चरस, 'गांजा, हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थों से हमें दूर रहना है। भारत देश को स्वस्थ भारत देश बनाना है। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राओं ने हस्सिा लिया। महाविद्यालय के अन्य सभी सदस्य भी इस अवसर पर शामिल हुए। हमारे महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रत्येक माह में इस प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती हैं ताकि नशा मुक्त भारत अभियान को अधिकतम गहनता से चलाया जा सके।